राजस्थान सरकार



# हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur



**7 नवम्बर 2020: शनिवार: अंक – 28**

## अम्मा जब स्कूल गईं

आज की कहानी

"मीरा की माँ एक दिन उसके स्कूल गई थी। वहाँ सभी लोग गायब थे - मीरा, उसकी सहेलियाँ, शिक्षक, यहाँ तक कि प्रधानाचार्य भी। वे सब कहां गायब हो गए थे? जानना चाहोगे? इस मज़ेदार कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

3 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | स्टोरीवीवर



## अम्मा सबकी प्यारी अम्मा

आज की कहानी

" एक शाम रवि ने आम के पेड़ पर बैठी गिलहरी को ढेले से मारा। गिलहरी का बच्चा भागने लगा। रवि ने उसे पकड़ कर अपने घर में रख लिया। रवि उसे पालना चाहता था। लेकिन क्या ऐसा संभव हो पाया? इस मार्मिक कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | पराग




## सात भेड़िये

आज की किताब

"इफ़्फ़त, रशीद और अब्बू बुआ के गाँव से लौट रहे थे। अँधेरा हो चला था। रास्ते में सात भेड़ियों वाला जंगल था। अब जंगल का रास्ता कैसे पार हो? क्या वे जंगल से सकुशल निकल पाये? जानने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें और कहानी पढ़ें।"

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड




## कहानी पर चर्चा

आज की गतिविधि

"कहानी पर चर्चा" गतिविधि बच्चों को विभिन्न विचारों से रू-ब-रू होने का मौक़ा देती है। चर्चा करने से उनकी कल्पनाशीलता बढ़ती है। इससे बच्चे समाज के प्रति अपनी भूमिका एवं जिम्मेदारियों का एहसास भी कर पाते हैं। इस गतिविधि का वीडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6 – 14 वर्ष के बच्चों के लिए | पराग



## बच्चे दर्पण और प्रतिबिंब

टीचर्स कॉर्नर

दर्पण में कुछ ऐसा जादू होता है कि उसके साथ खेलने और उससे काम करने में बड़ा आनंद आता है। दर्पण का यही जादू बच्चों को विज्ञान सीखने में मदद करता है। इस किताब को पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए | अज़ीम प्रेमजी फाउंडेशन




#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

अब बच्चे मोबाइल के माध्यम से रोज़ नई-नई मज़ेदार कहानियाँ सुन सकते हैं। इसके लिए बस एक Toll- Free Number - 18005729070 डायल कीजिए और अपनी मनपसंद कहानियाँ सुनिए ।

आज का अंक आपको कैसा लगा ? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।

www.rajteachers.com